समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# iPhone एक्सपोर्ट मे भारत बना नंबर 1, चीन को पछाड़ अमेरिका मे भेजे 30 लाख यूनिट्स।

Publisher Published on 30 May 2025



## भारत की मैन्युफैक्चरिंग ताकत का कमाल, एप्पल ने भारत को दी बड़ी मान्यता।

### iPhone निर्यात मे भारत की ऐतिहासिक छलांग

**India iPhone Export:**भारत ने अमेरिका को **iPhone एक्सपोर्ट** के मामले में चीन को पीछे छोड़ते हुए एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। अप्रैल 2025 में भारत से अमेरिका को **30 लाख यूनिट्स (3 मिलियन) iPhone** भेजे गए, जो पिछले साल की तुलना में **76%** की जबरदस्त बढ़त है। यह जानकारी रिसर्च फर्म **Omdia** की रिपोर्ट में सामने आई है।

### चीन को झटका, शिपमेटं 76% गिरा

वहीं दूसरी ओर, चीन से अमेरिका में भेजे जाने वाले **iPhone की शिपमेटं 76% घटकर सिर्फ 9 लाख यूनिट्स** रह गई है। पहली बार भारत ने **अमेरिकी मार्केट मे iPhone सप्लाई** के मामले में चीन को पछाड़ा है।

### भारत बना Apple का पसंदीदा मैन्युफैक्चरिंग हब

भारत में **iPhone मैन्युफैक्चरिंग** अब तेजी से बढ़ रही है। **टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉक्सकॉन** और **पेगाट्रॉन** जैसी कंपनियां भारत में **iPhone** निर्माण कर रही हैं। इसके पीछे कई कारण हैं:

१. कम उत्पादन लागत

२. मजबूत सप्लाई चेन

३. सरकार की PLI योजना

४. रणनीतिक टैक्स लाभ

### अमेरिकी टैक्स नीति से बदला गेम

अमेरिकी सरकार द्वारा चीन में बने **iPhone पर 30% टैक्स** और भारत जैसे देशों से आने वाले **iPhone पर केवल 10% टैक्स** लागू करने के कारण, **Apple** ने अपनी **ग्लोबल सप्लाई स्ट्रैटेजी** में बड़ा बदलाव किया है। अब कंपनी **भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब** के रूप में तेजी से विकसित कर रही है।

### 2026 तक भारत को मिलेगी बड़ी चुनौती

**Apple के CEO टिम कुक** पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि अमेरिका में बिकने वाले ज़्यादातर **iPhone अब भारत मे हीं बनाए** जाएंगे। हालांकि एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अमेरिका की हर तिमाही में लगभग **2 करोड़ यूनिट्स** की मांग को पूरा करना भारत के लिए **2026** तक एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.